INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM II EXAMINATION(2019-20)

No of printed pages: 4

विषय: हिंदी

कक्षा : VIII — पूर्णांक : **80**

दिनांक : 12/03/2020 — समय : **3** घंटे

सामान्य निर्देश :

(1) इस प्रश्न - पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) इस प्रश्न - पत्र में कुल **12** प्रश्न हैं।

(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

## खंड - क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : - (10)

हमें संसार के सभी जीव-जंतुओं से प्यार करना चाहिए और उनके प्रति अपना व्यवहार भी मधुर रखना चाहिए। मानव-मात्र के प्रति हमें अपने हृदय को हर क्षण खुला ही रखना चाहिए। कहने का तात्पर्य है कि समाज का हर व्यक्ति- अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित, परिचित-अपरिचित हमारे उचित स्नेह और सम्मान का अधिकारी है। साधारणतः किशोर एवं किशोरियों के जीवन में उनके माता-पिता, गुरुजन एवं उनके सहपाठियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इनमें माता-पिता और गुरुजन प्रत्येक स्थिति में हमारी श्रद्धा और हमारे सत्कार के पात्र हैं। यही नहीं, ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो हमसे आयु में छोटा किंतु विद्या, बुद्धि, पद एवं सामर्थ्य में हमसे श्रेष्ठ हो, वह भी हमारे आदर का पात्र है।अपने से किसी गुण में श्रेष्ठ व्यक्ति से जब भी भेंट हो जाए, तब उनके प्रति अभिवादन का भाव प्रकट करें। विनम्रतापूर्वक उनको प्रणाम करना ही सर्वश्रेष्ठ ढंग है। हम उनके चरण-स्पर्श करते हुए भी उन्हें प्रणाम कर सकते हैं। यदि हम बैठे हों और वे पहुँच जाएँ तो यथाशीघ्र हमें स्थान से उठकर खड़े हो जाना चाहिए। अभिवादन के बाद उनकी आज्ञा पाकर उचित स्थान ग्रहण करें, किंतु तभी जब उन्होंने स्थान ग्रहण कर लिया हो। उनके साथ बातचीत करते समय पूरी तरह विनम्रता और शालीनता बरतें। क्रोध, क्षोभ अथवा घृणा का भाव मन में उठे तो उसे किसी भी रूप में प्रकट न होने दें। शब्दों का प्रयोग भी सोच-समझकर करें। गुरुजनों से आँखें न मिलाएँ और न उनके किसी कथन को चुनौती दें। उनसे बातें करते समय अपनी आँखें सदैव नीची रखें। यदि किसी बात से असहमत हों और अपनी असहमति प्रकट करना चाहें तो बड़ी विनम्रता के साथ क्षमा-याचनापूर्वक असहमति प्रकट करें। इसका उन पर बड़ा ही अच्छा प्रभाव पड़ेगा और आपकी असहमति से उनको ज़रा भी कष्ट या क्रोध नहीं होगा। संभव है, वे स्वयं आपसे सहमत हो जाएँ।

।क। हमारे स्नेह और सम्मान का अधिकारी कौन है?

।ख। किशोर - किशोरियों के जीवन में किनका अधिक महत्व है?

।ग। आयु से छोटे व्यक्तियों को आदर देने में यहाँ क्या कारण बताया गया है?

।घ। किसी भी गुणी व्यक्ति के प्रति सम्मान का भाव कैसे प्रकट किया जाए?

।ङ। बड़ों के साथ विनम्रता और शालीनता बरतने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

## खंड - ख (व्याकरण)

प्रश्न 2 (i) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के मूलशब्द एवं प्रत्यय अलग करके लिखिए : (2)

(क) रंगीन (ख) बचपन (ग) भूखा

(ii) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के उपसर्ग एवं मूलशब्द अलग करके लिखिए : (2)

(क) निर्मल (ख) कुपुत्र (ग) आमरण

(iii) निम्नलिखित वाक्यों के वाच्य भेद पहचान कर लिखिए : (2)

(क) बच्चे दौड़ रहे हैं।

(ख) माताजी से चला नहीं जाता।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को उचित मुहावरे या लोकोक्तियों द्वारा पूर्ण करके लिखिए : (2)

(क) माँ के लिए हर बच्चा ------------------------- होता है।

(आँखों का तारा/ऊँट के मुँह में जीरा)

(ख) विद्यार्थियों को अपना काम स्वयं ही करना चाहिए क्योंकि किसी ने सच ही कहा है --------------।

(नाच न जाने आँगन टेढ़ा/अपना हाथ जगन्नाथ)

(ग) जब मैंने अपने भाई से रुपए माँगे तो उन्होंने मुझे ------------------------ दिया।

(गुड़ गोबर कर/टका-सा जवाब)

प्रश्न 3 (i) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य में प्रयुक्त अलंकार का भेद लिखिए : (1)

(क) चंदू के चाचा ने चंदू की चाची को चाँदी की चम्मच से चाँदनी चौंक में चटनी चटाई।

(ख) मखमल-सी कोमल हरियाली।

(ii) निर्देशानुसार परिवर्तन कर वाक्यों को फिर से लिखिए : (3)

(क) दर्ज़ी द्वारा कपड़ों की सिलाई की जाती है। (लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।)

(ख) पुस्तकें मेज़ पर रख दो। (वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।)

(ग) इस दुनिया में न कोई *अपना* है न --------। (रेखांकित शब्द का विलोम बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।)

प्रश्न 4 (i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द में संधि करके लिखिए : (1)

(क) सूर्य + उदय (ख) पुस्तक + आलय

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों में संधि विच्छेद करके लिखिए : (2)

(क) अत्यंत (ख) महात्मा (ग) गणेश

## खंड - ग (साहित्य)

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों के अर्थ लिखिए : (5)

(क) आलम (ख) पटकथा (ग) पारसाल

(घ) बियाबान (ङ) सरिता (च) वसुधा

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों का वाक्य में प्रयोग करके लिखिए : (5)

(क) जल (ख) उपाधि (ग) फिल्म

(घ) प्रबंध (ङ) शिखर (च) आकर्षण

प्रश्न 7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए :

लेकिन जब चार दिन ज्यों-त्यों में ही बीत गए और रुपयों का कोई प्रबंध न हो सका तब उन्हें चिंता होने लगी। प्रश्न अपनी प्रतिष्ठा का था, अपने ही घर में अपनी साख का था। देने का पक्का वादा करके अगर अब दे न सके तो अपने मन में वह क्या सोचेगी? उसकी नज़रों में क्या मूल्य रह जाएगा? अपनी वाहवाही की सैकड़ों गाथाएँ सुना चुके थे। अब जो एक काम पड़ा तो चारों खाने चित हो रहे। यह पहली बार उसने मुँह खोलकर कुछ रुपयों का सवाल किया था। इस समय अगर दुम दबाकर निकल भागते हैं तो फिर उसे क्या मुँह दिखलाएँगे?

(क) लाला झाऊलाल को चिंता क्यों होने लगी? (1)

(ख)अपनी वाहवाही की गाथाएँ झाऊलाल किसे सुना चुके थे? (1)

(ग) लालाजी के पहले चार दिन कैसे बीते? (1)

(घ) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (10)

(क) लाला झाऊलाल कहाँ रहते थे?

(ख) बालक कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने को तैयार हुए?

(ग) "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।" पंक्ति किसने किससे कही है?

(घ) विट्ठल का मुकदमा किस वकील ने लड़ा था?

(ङ) बाज अपने जीवन से संतुष्ट क्यों था?

(च) "बस की यात्रा" कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है?

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (15)

(क) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन से वाक्य छापे गए? इस फिल्म में कितने चेहरे थे? स्पष्ट कीजिए।

(ग) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

(घ) साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण क्यों मानता था। फिर उसने उड़ने का निश्चय क्यों किया?

(ङ) दीवाने मस्ती में जीवन क्यों जीते हैं?

(च) जल को जीवन की संज्ञा क्यों कहा गया है?

(छ) लेखक पेड़ों को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था?

## खंड - घ (लेखन)

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (5)

(क) यदि मैं शिक्षक होता

(ख) वर्षा ऋतु में बिताया एक दिन

(ग) मोबाइल फोन

प्रश्न 11 आप गर्मी की छुट्टियाँ अपने मित्र के घर शिमला में बिताना चाहते हैं। पिताजी की अनुमति लेते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

विद्यालय के पुस्तकालय में पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 12 दो यात्रियों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (5)

अथवा

'प्रिय त्योहार' पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

------------------